**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 10.12.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में मानवाधिकार दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगी।
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण पर बैठक का आयोजन किया।
- नागर विमानन महानिदेशालय ने इंडिगो एयरलाइन को अपने शीतकालीन संचालन में सभी क्षेत्रों में 10 प्रतिशत की कटौती करने का निर्देश दिया है।
- प्रशासनिक कारणों से, एमवी सिंधु की तेरह दिसंबर को लिटिल अंडमान से श्री विजय पुरम के लिए के निर्धारित प्रस्थान समय में बदलाव किया गया है।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में मानवाधिकार दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगी। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इसका आयोजन किया है। 1948 में आज के ही दिन मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा स्वीकृत की गई थी। इस वर्ष मानवाधिकार दिवस की थीम है – सबके लिए आवश्यक जनसेवाओं की गरिमापूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित करना। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग इस विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करेगा। सम्मेलन में राज्य मानवाधिकार आयोगों, राष्ट्रीय आयोगों, सरकार, नागरिक समाज और शिक्षा जगत के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

<><><><><><><>

मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से कल सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता सूची–2026 के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण पर चर्चा करने और विवरण प्रदान करने के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनिवार्य पुनरीक्षण गतिविधियों के पारदर्शिता, सहयोग और सुचारू निष्पादन को सुनिश्चित करना था। सीईओ ने एसआईआर के दौरान पालन किए जाने वाले विस्तारित कार्यक्रम, प्रक्रियाओं और दिशानिर्देशों के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गणना कल तक की जाएगी, जबकि मतदाता सूची का प्रारूप 16 दिसंबर, को प्रकाशित किया जाएगा। दावे और आपत्तियां 16 दिसंबर से अगले वर्ष 15 जनवरी, अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 14 फरवरी को किया जाएगा। सीईओ ने एसआईआर की वर्तमान स्थिति के बारे में बताते हुए का कि कुल 2,43,532 गणना प्रपत्र एकत्र और डिजिटाइज़ किए जा चुके हैं, जिससे डिजिटाइज़्ड गणना प्रपत्रों का प्रतिशत 78.46 हो गया है। असंग्रहित गणना प्रपत्रों की संख्या 66,852 है, जिसका प्रतिशत 21.54 है। तीनों जिलों से मृत्यु के कारण अनंतिम रूप से असंग्रहित प्रपत्रों की संख्या 9161 है, स्थायी रूप से स्थानांतरित हुए 23,346, पहले से नामांकित 2,838, अनुपस्थित या अज्ञात 20,804 और अन्य 703 हैं। उन्होंने राजनीतिक दलों से अपने–अपने क्षेत्रों के मतदाताओं से भरे हुए गणना प्रपत्र एकत्र करने

और पिछले एसआईआर के साथ मानचित्रण करने में बीएलओ को सहयोग देने का आग्रह किया। नए मतदाता भी 15 जनवरी तक फॉर्म 6 और घोषणा पत्र जमा कर सकते हैं। मौजूदा प्रविष्टि में किसी भी सुधार या द्वीप समूह के भीतर स्थानांतरण के लिए मतदाताओं को फॉर्म 8 जमा करना आवश्यक है।

<><><><><><><>

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कल मुंबई में प्रमुख सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ बैठक में सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए हाल में की गई ब्याज दर में कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाने का आग्रह किया। रिज़र्व बैंक ने विकास को बढ़ावा देने के लिए फरवरी से प्रमुख नीतिगत दर में 125 आधार अंकों की कटौती कर इसे 5 दशमलव दो पांच प्रतिशत कर दिया है। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही में भारत ने 8 प्रतिशत की मजबूत जीडीपी वृद्धि दर्ज की है। केंद्रीय बैंक की शीर्ष बैंक प्रबंधन के साथ नियमित बातचीत में रिज़र्व बैंक गवर्नर ने बैंकिंग क्षेत्र में सुधारों का उल्लेख किया। उन्होंने बैंकों को उभरते जोखिमों के बीच सतर्क रहने को कहा। श्री मल्होत्रा ने कहा कि ब्याज दर में कमी और बेहतर तकनीक के उपयोग से कीमतों में कमी आएगी, दक्षता बढ़ेगी और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बेहतर ग्राहक सेवा, शिकायतों में कमी लाने और डिजिटल धोखाधड़ी रोकने के लिए मजबूत सुरक्षा उपायों पर भी जोर दिया। बैठक में चार डिप्टी गवर्नर और आरबीआई के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

<><><><><><><>

एयरपे पेमेंट सर्विसेज़ ने भारतीय रिज़र्व बैंक से सीमा–पार भुगतान एग्रीगेटर के तौर पर संचालन मंज़ूरी मिलने की घोषणा कर दी है। उसने कहा कि कंपनी को एकीकृत भुगतान एग्रीगेटर ढांचे के तहत अधिकृत कर दिया गया है और कंपनी को ऑनलाइन, क्यूआर कोड भुगतान और सीमा–पार भुगतान श्रेणियों का लाइसेंस मिल गया है।

<><><><><><><>

नागर विमानन महानिदेशालय ने इंडिगो एयरलाइन को अपने शीतकालीन संचालन में सभी क्षेत्रों में 10 प्रतिशत की कटौती करने का निर्देश दिया है। देश में हवाई परिवहन सेवाओं की देखरेख और विनियमन करने वाली संस्था डीजीसीए ने यह निर्देश इंडिगो के उड़ानों में भारी व्यवधान और स्वीकृत कार्यक्रम संचालन में विफल रहने की वजह से दिया है। डीजीसीए ने नोटिस में कहा है कि इस वर्ष नवंबर में इंडिगो को 64 हज़ार 346 उड़ानों की अनुमति दी गई थी, जबकि एयरलाइन ने 59 हज़ार 438 उड़ानें संचालित कीं जबकि उसकी 951 उड़ानें रद्द हुईं। इस सीज़न के लिए 6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 403 विमानों की अनुमति के बावजूद इंडिगो एयरलाइन ने नवंबर में केवल 344 विमान ही तैनात किए।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों से, एमवी सिंधु की तेरह दिसंबर को लिटिल अंडमान से श्री विजय पुरम के लिए के निर्धारित प्रस्थान समय में बदलाव किया गया है। अब जहाज सुबह 10 बजे के बजाय, 13 दिसंबर को ही सुबह 7 बजे लिटिल अंडमान से प्रस्थान करेगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग नई दिल्ली की ओर से अनिम्स को इस वर्ष छः विभागों में कुल 13 पीजी सीटे प्रदान की गई है। इसके लिए 6 सीटे राज्य कोटा और 7 सीटें ऑल इंडिया कोटा के तहत भरी जा सकती है। आवेदन पत्र सामान्य प्रवेश पोर्टल पर उपलब्ध है। आवेदन 12 दिसम्बर शाम पांच बजे तक किए जा सकते हैं। अस्थाई वरीयता सूची 13 दिसम्बर को जारी की जाएगी। दावे और आपत्तियां 15 दिसम्बर शाम चार बजे तक जमा की जा सकती है। अंतिम वरीयता सूची 17 दिसम्बर को जारी की जाएगी। अकादमिक सत्र 22 दिसम्बर से आरंभ होंगी।

<><><><><><><>

द्वीपों के हस्तशिल्प उत्पादों के निर्माण से संबंधित सभी स्थानीय पंजीकृत एस एम ई, एसएचजी, सहकारी समितियों, लघु कारीगरों, केवीआई सहायक इकाइयों से अगले वर्ष 11 जनवरी, तक अपने हस्तशिल्प और उत्पादों की दरों के साथ निर्धारित प्रारूप में आवेदन, नमूनों के साथ–साथ नमूनों की तस्वीरें स्वीकृति और बिक्री के लिए प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया है। अंडमान निकोबार एम्पोरियम– सागरिका और खादी ग्रामोद्योग भवन के माध्यम से विपणन सहायता प्राप्त करने के इच्छुक लोग इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन को अधिसूचित दिशानिर्देश "एएनई–सागरिका के माध्यम से विपणन सहायता प्रदान करना" के आधार पर छाँटा जाएगा। योजना के तहत द्वीप समूह के दूरदराज के क्षेत्रों के साथ–साथ नए, उभरते हुए और पहली बार आवेदन करने वाले आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

<><><><><><><>

ए.आर. एंड ट्रेनिंग विंग की ओर से टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में "वेतन निर्धारण, एम ए सी पी और आरटीआई" पर 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। नई दिल्ली स्थित कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंधन संस्थान के सहयोग से आयोजित यह प्रशिक्षण प्रशासन के समेकित लिपिक संवर्ग कर्मचारियों के लिए तैयार किया गया है।

<><><><><><><>